Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to make available the services of Pediatricians in rural areas of the country -laid.

श्री रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया): मैं माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा कि बाल चिकित्सकों की पूरे देश में बहुत ही कमी है और देश में पैदा होने वाले 50 प्रतिशत बच्चे, देश के चार प्रदेशों (उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान) में पैदा होते हैं। जैसाकि आप जानते हैं कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला प्रदेश है और बाल चिकित्सकों की कमी होने के कारण वहाँ शिशु मृत्यु दर भी काफी अधिक है और यह भी देखने में आया है कि ज्यादातर बाल चिकित्सकों की सेवाएं देश में प्रदेश के बड़े-बड़े शहरों में ही उपलब्ध हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों की जनता ज्यादातर बाल चिकित्सक सेवाओं से वंचित है।

मैं माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी का ध्यान आकर्षित कराते हुए मांग करता हूँ कि बाल चिकित्सकों की सेवायें ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपलब्ध कराई जायें, जिससे शहरों में इलाज कराने के लिए लोगों को न आना पड़े और ग्रामीण स्थानीय क्षेत्रों में ही बच्चों का सुचारू रूप से इलाज हो सके।